तापमान
अधिकतम 27 .2 डिग्री
न्यूनतम 8 .3 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

11 नशे के खिलाफ एकजुट हुए संगठन, ज्ञापन सौंपा

12 नेट एवं जेआरएफ पास करने पर सम्मानित


## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत की पुलिस ने अवैध हथियार रखने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुमित पुत्र सुरेश निवासी गांव परढाना जिला पानीपत का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल 32 बोर बरामद की है। पुलिस के अनुसार 18 फरवरी 2026 को क्राईम यूनिट की टीम गश्त पर थी, तभी सूचना मिली कि सुमित ककरोई रोड सेक्टर-23 मोड़ पर अवैध पिस्तौल लेकर किसी के इंतजार में खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सुमित को काबू किया। तलाशी के दौरान उसकी पेंट से एक देशी पिस्तौल बरामद हुई।

### नकदी व गहने चुराने के का आरोपी रिमांड पर

**सोनीपत।** थाना शहर सोनीपत की पुलिस ने घर से आभूषण और नकदी चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रामनिवास निवासी माछरोली जिला पानीपत का रहने वाला है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया है। पुलिस के अनुसार 4 फरवरी 2026 को रोहतास पुत्र कर्ण निवासी गांव गढ़ी ब्राह्मण ने शिकायत दी थी कि वह अपने परिवार सहित शादी समारोह में गया हुआ था। रात के दौरान घर के गेट और अलमारी के ताले टूट गए और लगभग 30 हजार रुपये नकद, सोने की चैन, अंगूठी, टोपस और चांदी की पायल चोरी हो गई। इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक संदीप की टीम ने तकनीकी साक्ष्य और सुरागों के आधार पर रामनिवास को गिरफ्तार किया।

### शराब की खेप के साथ तस्कर पकड़ा, केस

**खरखौदा।** थाना खरखौदा की पुलिस टीम ने अवैध शराब तस्करी की घटना मे संलिप्त आरोपी को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी नीरज गांव नाहरी, जिला सोनीपत का रहने वाला है। बताया जाता है कि बुधवार को थाना खरखौदा में नियुक्त मुख्य सिपाही संजय अपनी पुलिस टीम के साथ नाका हलालपुर (दोनो नहरों के बीच) पर मौजूद थे और नाका से गुजरने वाले वाहनों की रुटीन चेकिंग कर रहे थे तभी एक बलेरो गाड़ी बडवासनी कि तरफ से आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने ईशारा करके गाड़ी को रुकवाया। पुलिस टीम ने ड्राईवर से नाम पता पूछा तो उसने अपना नीरज उर्फ़ पप्पे नाहरी निवासी बताया। गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें एडीएस 290 पव्वा पेट्टी शराब बरामद हुई।

## स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था लचर : मरीजों व गर्भवती महिलाओं की जान जोखिम में

# एंबुलेंस की सांसें अटकी, रस्सी डालकर खींचा जा रहा, 27 में से 13 वाहन कंडम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था के चलते लोगों की जान बचाने में सहायक जीवनवाहिनी (एंबुलेंस) खुद बीमारी की स्थिति हैं, जबकि अक्तूबर 2025 में विभाग को मिली चार एंबुलेंस को केवल शोपीस के तौर पर रखा गया है। यह एंबुलेंस दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल परिसर में सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर खड़ी धूल फांक रही हैं। आलम यह है कि अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। उधर पुरानी एंबुलेंस को रस्सी के सहारे खींचकर चलाया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य विभाग के पास कुल 27 एंबुलेंस की व्यवस्था हैं। हालांकि इनमें करीब 13 एंबुलेंस ऐसी हैं, जो विभाग के विभाग के नॉर्म्स (मानक) पूरे कर चुकी हैं। यह एंबुलेंस 3 लाख किलोमीटर चलने के साथ अपना 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुकी हैं। इसके बावजूद विभाग पुरानी एंबुलेंस के सहारे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त बनाने में जुटा है। इतना ही नहीं, विभाग की ओर से गर्भवती व अन्य गंभीर हालत के मरीजों को इन्हीं एंबुलेंस के सहारे रेफर कर उनकी जान को जोखिम में डाला जा रहा है। अगर इस अवस्था में एंबुलेंस बीच रास्ते में खराब हो जाती है तो दूसरी एंबुलेंस मंगवाकर मरीजों को इलाज के लिए भेजा जाता है। ऐसे में नागरिक अस्पताल सहित स्वास्थ्य केंद्रों पर इलाज की आस लेकर पहुंचने वाले मरीजों को भटकना पड़ रहा है।

- 13 एंबुलेंस विभाग के मानक पूरे कर चुकी, तीन लाख किलोमीटर चल चुकी


**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल में रस्सी बांधकर खींची जा रही एंबुलेंस।

### विभाग के पास एंबुलेंस की स्थिति

| | |
|---|---|
| एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) | 7 |
| बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) | 6 |
| पेशेंट ट्रांसपोर्ट एंबुलेंस (पीटीए) | 11 |
| किलकारी | 3 |
| कुल एंबुलेंस | 27 |

### सुविधा न मिलने से मरीज परेशान

आपातकालीन स्थिति के दौरान नागरिक अस्पताल से ज्यादातर मरीजों को गांव खानपुर कलां स्थित महिला मेडिकल कॉलेज या रोहतक स्थित पीजीआई में इलाज के लिए रेफर किया जाता है। इसके अलावा उच्च स्वास्थ्य सुविधा के लिए भी मरीजों को रेफर किया जाता है। हालात यह हैं कि कई बार मरीजों को समय पर एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिल पाती। एंबुलेंस की कमी होने के चलते मरीजों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। मरीजों के परिजन कई बार अस्पताल के एंबुलेंस सुविधा केंद्र की खिड़की पर सहायता की गुहार लगाते देखे जा सकते हैं।

### सांसद कोटे से मिली चार एंबुलेंस 4 माह से फांक रहीं धूल

नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए पूर्व सांसद रमेश कौशिक के सांसद निधि कोटे से 10 अक्तूबर 2025 को चार एंबुलेंस मुहैया करवाई गई हैं। विभाग को एंबुलेंस मिले 4 माह 19 दिन का समय बीत चुका है, लेकिन यह आज तक सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर खुले धूल फांकने को मजबूर हैं। हालात यह हैं कि चारों एंबुलेंस पर धूल की परत जम चुकी है, लेकिन आज तक इनकी सुध नहीं ली गई है।

### पासिंग प्रक्रिया पूरी, 23 को आरसी मिलने की संभावना

स्वास्थ्य विभाग की मानें तो इन एंबुलेंस की 18 फरवरी को पासिंग प्रक्रिया पूरी हुई है। एसडीएम कार्यालय से 23 फरवरी तक रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी) तैयार होने के बाद इन्हें प्रयोग में लाया जा सकेगा। इनमें से दो एंबुलेंस नागरिक अस्पताल, तो दो मेडिकल कॉलेज, खानपुर कलां के लिए सौंपी गई हैं। नए वाहन मिलने के बाद मरीजों को राहत मिलने के आसान है।

### चार नई एंबुलेंस जल्द मिलेंगी

जिला स्वास्थ्य विभाग के पास कुल 27 में से 13 एबुलेंस अपने मानक पूरा कर चुकी है। ऐसे में विभाग को अक्तूबर 2025 में मिली चार नई एंबुलेंस को अगले सप्ताह से प्रयोग में लाने का निर्णय लिया गया है। सभी एंबुलेंस की 18 फरवरी को पासिंग प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। एसडीएम कार्यालय से 23 फरवरी तक आरसी मिलने की उम्मीद है। -डॉ. मंजीत राठी
नोडल अधिकारी, रेफरल ट्रांसपोर्ट सर्विस

## क्रिप्टो में निवेश का झांसा देकर 23 लाख ठगे चार आरोपी गिरफ्तार



**सोनीपत।** अंतर-राज्यीय साइबर ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 23 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ठगी की गई राशि में से 9 लाख 14 हजार 256 रुपये बैंक खातों में फ्रीज करवा दिए हैं, जबकि 29 हजार 500 रुपये नकद व बैंक के माध्यम से बरामद किए गए हैं। आरोपियों को अदालत ने जेल भेज दिया। आरोपितों की पहचान सोनू, दिनेश, पप्पू और रमेशचंद के रूप में हुई है, जो करनाल जिले के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता रमेश लाल निवासी सेक्टर-12 सोनीपत को 16 सितंबर 2025 को टेलीग्राम पर एक महिला का कॉल आया, जिसने स्वयं को श्रुति, लिवरपुल (यूके) निवासी बताया। महिला ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर उच्च मुनाफा दिलाने का झांसा दिया और व्हाट्सएप लिंक के जरिए एक फर्जी निवेश प्लेटफॉर्म से जोड़ दिया।

- पुलिस ने नौ लाख से ज्यादा राशि को फ्रीज करवाया
- आरोपी करनाल के रहने वाले

### पैसे वापस मांगने पर दी धमकी

शुरुआत में शिकायतकर्ता से दो लाख रुपये निवेश कराए गए, जिन पर लाभ दिखाकर विश्वास में लिया गया। इसके बाद 25 अक्टूबर से 19 नवंबर 2025 के बीच आरटीजीएस, एनईएफटी और यूपीआई के माध्यम से कुल 23 लाख रुपये विभिन्न खातों में जमा करवा लिए गए। फर्जी वेबसाइट पर शिकायतकर्ता को 2.33 करोड़ रुपये का लाभ दिखाया गया और राशि निकालने के लिए 19.85 लाख रुपये टैक्स के रूप में जमा कराने की मांग की गई। टैक्स न देने पर खाता फ्रीज करने की धमकी दी गई, जिसके बाद शिकायतकर्ता को ठगी का अहसास हुआ और उसने साइबर सेल में शिकायत दर्ज करवाई।

## किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



- 16 साल की किशोरी को दोषी अपने साथ उत्तर प्रदेश ले गया
- लखनऊ और सीतापुर में ले जाकर दुष्कर्म किया

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र ने किशोरी को बहकाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को 20 साल कैद व 55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। मूलरूप से यूपी निवासी व्यक्ति ने 19 सितंबर, 2024 को राई थाना में मुकदमा दर्ज कराया था कि वह हाल में राई थाना क्षेत्र में किराए पर रहते हैं। जब वह फैक्ट्री में गए तो पीछे से उनकी साढ़े 16 साल की बेटी अचानक लापता हो गई। उन्होंने बेटी के अपहरण की आशंका जताई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस जांच में पता लगा था कि किशोरी को मूलरूप से यूपी के जिला हरदोई के गांव सलीमपुर का अजीत ले गया है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी। बाद में लडक्की को बरामद करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस जांच में सामने आया था कि वह लडक्की को हरदोई, लखनऊ व बाद में सीतापुर जिले में ले गया था। वहां आरोपी ने किशोरी का यौन शोषण किया था।

### 50 हजार रुपये जुर्माना

मामले की सुनवाई के बाद एएसजे नरेंद्र ने आरोपी अजीत को दोषी करार दिया। अदालत ने 6 पॉक्सो एक्ट में दोषी को 20 साल कैद व 50 हजार रुपये जुर्माना, बीएनएस 137 (2) में तीन साल कैद व दो हजार रुपये जुर्माना तथा बीएनएस 87 में पांच साल कैद व तीन हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

## सीबीएसई की 33 सेंटर पर हुई बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं

# इंजीनियरिंग ग्राफिक्स और बागवानी का पेपर देख चहके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

केंद्रीय माध्यमिक विद्यालय शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से वीरवार को बोर्ड परीक्षाओं का तीसरा दिन रहा। जिला में बनाए गए 33 केंद्रों पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने बागवानी, लागत लेखांकन व इंजीनियरिंग ग्राफिक्स विषय की परीक्षा दी। सभी केंद्रों पर विद्यार्थियों ने कड़ी मॉनिटिरिंग व सीसीटीवी की निगरानी में पेपर दिया। पेपर देकर परीक्षा केंद्र से बाहर आए विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से चहकते दिखे। इससे पहले सीबीएसई की हिदायतों के अनुसार विद्यार्थी आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। कुछ विद्यार्थी अपने अभिभावकों तो कई शिक्षकों के साथ केंद्रों पर परीक्षा देने आए। परीक्षा केंद्रों के गेट पर कड़ी जांच के बाद विद्यार्थियों को अंदर जाने की अनुमति दी गई। शहर के सेक्टर-14 व 15 में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर पेपर देकर लौटे विद्यार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र सलेब्स पर आधारित रहा, जिसे हल करने में आसानी हुई। अधिकतर विद्यार्थियों ने तय समय के अंदर अपना पेपर पूरा कर लिया था। सीबीएसई ने इस वर्ष सोनीपत में बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर 33 केंद्र बनाए हैं।



### 20800 विद्यार्थी दे रहे परीक्षा

सीबीएसई के जिला समन्वयक प्रेम कुमार ओझा ने बताया कि इस वर्ष जिलाभर में कक्षा 10वीं व 12वीं के करीब 20800 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। पिछले साल की अपेक्षा इस बार परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की संख्या में 2300 का इजाफा हुआ है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए क्षेत्र अनुसार आसपास 3 नए परीक्षा केंद्र भी बनाए गए हैं। परीक्षा को लेकर केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षाएं संचालित हो रही है।

### चिरस्मी रोड पर आफत में वाहन चालक


**गन्नौर।** चिरस्मी रोड पर बिखरे पत्थर।

## चिरस्मी रोड का अधूरा निर्माण बना मुसीबत, 100 मीटर में बिखरे पत्थर

**गन्नौर।** चिरस्मी रोड पर निर्माणाधीन सड़क लोगों की परेशानी का कारण बन गई है। सड़क पर मरम्मत के नाम पर डाले गए पत्थरों को समतल किए बिना ही छोड़ दिया गया, जिससे करीब 100 मीटर तक सड़क पर पत्थर बिखरे पड़े हैं। इन हालातों के चलते दोपहिया और छोटे वाहन चालकों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई वाहन चालक फिसलने और असंतुलित होने की स्थिति में आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय रोशनी की कमी के कारण दुर्घटना की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। राहगीरों ने कहा कि अधूरा काम छोड़ देना गलत है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क को समतल कर पत्थरों को हटाया जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

### कोर्ट केस के कारण निर्माण रुका

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के जेई नवनीत सहरावत ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य कोर्ट केस की वजह से रुका हुआ है। एक किसान द्वारा अदालत पर स्टे लिया गया है। जल्द ही इस पर फैसला हो जाएगा। जिसके बाद अधूरे पड़े टुकड़े का निर्माण शुरू करवाया जाएगा।

## जिले के सभी सात ब्लॉक में बने 380 केंद्रों पर 9002 ने दिया था पेपर

जिला शिक्षा विभाग ने मुख्यालय भेजी थी परीक्षा पास करने वालों की सूची

# 8950 निरक्षरों को मिलेगा साक्षर होने का प्रमाणपत्र, 1700 नहीं दे पाए थे उल्लास योजना की परीक्षा, मार्च में मिलेग मौका

रविंद्र ठाकुर ▶▶ सोनीपत

जिले में उल्लास योजना के तहत सितंबर 2025 में परीक्षा देकर उत्तीर्ण होने वाले 8950 निरक्षरों को जल्द प्रमाण पत्र मुहैया करवाए जाएंगे। शिक्षा विभाग की ओर से अक्तूबर 2025 में ऐसे निरक्षकों की सूची तैयार कर मुख्यालय भेजी थी। अब मुख्यालय ने निरक्षरों के प्रमाण पत्र जारी कर दिए हैं। विभाग ने अगले सप्ताह उन्हें प्रमाण पत्र वितरण का निर्णय लिया है। उल्लास योजना के तहत सोनीपत में सितंबर 2025 की परीक्षा के लिए 10702 निरक्षरों ने पंजीकरण करवाया था।नेशनल ओपन स्कूल की ओर से जिला के सभी सात ब्लॉक में 380 केंद्रों बनाए थे। इन केंद्रों पर 28 सितंबर 2025 को कुल 10702 में से 9002 निरक्षरों ने परीक्षा में भाग लिया था। 1700 निरक्षर निजी कार्यों के चलते परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे। परीक्षा का मूल्यांकन करने के बाद शिक्षा विभाग ने उत्तीर्ण निरक्षरों की सूची तैयार कर मुख्यालय भेजी गई थी। अधिकारियों के अनुसार सितंबर माह में जिले के सभी ब्लॉक में कुल 8950 निरक्षरों ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जबकि 46 निरक्षर परीक्षा पास नहीं कर पाए थे। विभाग की ओर से 4 माह बाद परीक्षा में उत्तीर्ण निरक्षरों को प्रमाण पत्र देने का निर्णय लिया था। मुख्यालय से प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद विभाग ने निरक्षरों को अगले सप्ताह से इन्हें वितरित किए जाने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 से 5 साल की अवधि के लिए न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम के तहत उल्लास नामक केंद्र प्रायोजित योजना शुरू की थी। योजना का प्राथमिक उद्देश्य 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को शिक्षा का ज्ञान देकर उन्हें सशक्त बनाना है, जो किसी कारणवश शिक्षित नहीं हो सके। प्रदेश में ऐसे कुल 9 लाख व सोनीपत में 44540 निरक्षरों को वर्ष 2027 तक शिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे लोगों को शिक्षा का ज्ञान देकर पढ़ने-लिखने, हस्ताक्षर करने में निपुण बनाना है। शिक्षित होने वाले निरक्षरों के लिए परीक्षा का प्रावधान भी रखा गया है, ताकि उनके अक्षर ज्ञान का मूल्यांकन किया जा सके।


**सोनीपत।** पंजीकृत निरक्षरों को पढ़ाती शिक्षा विभाग की स्वयंसेवक।

### स्वयंसेवक जगा रहे अलख

सितंबर 2025 में हुई परीक्षा में शामिल नहीं हो पाने वाले 1700 व फेल 46 निरक्षरों को पुनः अवसर दिया गया है। ऐसे लोग अब मार्च माह में होने वाली परीक्षा में अन्य पंजीकृत निरक्षरों के साथ भाग ले सकेंगे। जिला शिक्षा विभाग ने वर्ष 2025-26 के शैक्षणिक सत्र में जिला के करीब 25 हजार निरक्षरों को शिक्षित करने की योजना तैयार की है। विभाग के स्वयंसेवक अपने स्तर पर गांव-गांव ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें शिक्षा का ज्ञान दे रहे हैं।

### 2025 में फेल और पास

| ब्लॉक | परीक्षार्थी | पास | फेल |
|---|---|---|---|
| सोनीपत | 2370 | 2365 | 05 |
| खरखौदा | 1038 | 1026 | 12 |
| राई | 1067 | 1043 | 24 |
| गन्नौर | 1420 | 1419 | 01 |
| गोहाना | 1614 | 1612 | 02 |
| कथूरा | 616 | 614 | 02 |
| मुंडलाना | 877 | 877 | 00 |
| कुल | 9002 | 8956 | 46 |

### ये बोले अधिकारी

उल्लास योजना के तहत सितंबर 2025 में परीक्षा देने वाले निरक्षरों को जल्द प्रमाण पत्र वितरण का कार्य शुरू करवाया जाएगा। परीक्षा से मूल्यांकन के बाद अक्तूबर 2025 में मुख्यालय भेजी गई उत्तीर्ण निरक्षकों की सूची के आधार पर विभाग को प्रमाण पत्र भेज दिए गए हैं। वहीं परीक्षा से वंचित या फेल हुए प्रतिभागी मार्च 2026 में होने वाली परीक्षा में अन्य प्रतिभागियों के साथ भाग ले सकेंगे।
-नवीन गुलिया
जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

## महिला विशेषज्ञ ने की पीड़िता की काउंसलिंग


# नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार, अदालत ने जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

थाना सदर सोनीपत की पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित निवासी गांव सलीमसर माजरा जिला सोनीपत है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 23 दिसंबर 2025 को पीड़िता के परिजन ने थाना सदर सोनीपत में शिकायत दी थी कि रोहित ने उनकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया। इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता और पोक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।महिला उप निरीक्षक बबिता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पीड़िता के बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज करवाए तथा महिला विशेषज्ञ और लीगल एड के माध्यम से काउंसलिंग करवाई गई। इसके बाद जांच में आरोपित की संलिप्तता पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच नियमानुसार जारी है और पीड़िता को हर संभव कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।



- पोक्सो व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज
- पीड़िता को हर संभव सहायता देने के निर्देश



कहानी
प्रकाश मनु

# गुड़िया दोस्तों के साथ चली चांद के देश

**बच्चो, अगर चांद तुम्हारी छत पर उतर आए और बगल में बैठकर आसमान की दुनिया के बारे में बताए, इस बीच तुम्हारे दोस्त भी आ जाएं, सबका मन आसमान की सैर करने को हो जाए, सब चांद की किरणों के खटोले पर बैठकर चल दें तो कितना मजा आएगा! ऐसा ही कुछ गुड़िया के साथ हुआ। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।**



उस दिन चांदनी रात थी। गुड़िया अपने घर की छत पर बैठी थी। जोर-जोर से चंदा मामा का गीत गा रही थी, जो उसने आज ही अपनी सहेली चांदनी से सीखा था। वह बार-बार झूम- झूमकर गा उठती-

*चंदा मामा दूर के,*
*खोए पकाए भूर के,*
*आप खाएं थाली में*
*गुड़िया को दें प्याली में*
*कितने मीठे, कितने प्यारे*
*लड्डू मोतीचूर के!*



गुड़िया मजे में यह गीत गा रही थी। गाते-गाते उसने चांद की ओर देखा। चांद खिलखिलाकर हंस रहा था। तभी उसने खुद भी एक प्यारा सा गीत बना लिया और मीठे सुर में गाने लगी-

*जल्दी आओ चंदा मामा,*
*पहन के आओ नया पाजामा!*
*उजला-उजला नया पाजामा,*
*पहन के दिखलाओ जी ड्रामा,*
*जिसमें लंबे से हों लामा,*
*जिनसे डर के भागे गामा।*
*भागे गामा, हो हंगामा,*
*दिखलाओ जी ऐसा ड्रामा...!*

अभी वह इस कविता को आगे बढ़ाने के लिए अगली पंक्ति सोच ही रही थी, तभी एक जादू-मंतर सा हुआ। चारों ओर चांदी जैसा खूब घना प्रकाश फैल गया। एकाएक गुड़िया को सुनाई दिया, 'हां, गुड़िया बोलो, मुझे क्यों बुलाया है?'

गुड़िया हैरान। उसकी आंखें चकाचौंध हो रही थीं। उसने अचकचाकर सामने की ओर देखा, 'अरे लो! चंदा मामा तो सामने खड़े हैं! और सचमुच उन्होंने जगमग-जगमग करता सफेद पाजामा पहन रखा है। शुभ्र चांदनी का पाजामा!'

फिर भी गुड़िया ने अपने मन की तसल्ली के लिए पूछा, 'आप...आप चंदा मामा हैं न?'

'हां भई, कोई शक है क्या?' चंदा मामा खुलकर हंसे। फिर बोले, 'तुम लड्डू मोतीचूर के वाला गाना गा रही थीं। खाने हैं तो चलो मेरे साथ!...वहां चाहे जितने मोतीचूर के लड्डू खाना।'

गुड़िया आंखें पटपटाकर बोली, 'ओफ्फोह! चलना तो चाहती हूं, पर अभी मेरी सहेलियां और दोस्त आने वाले हैं। आज हमने कविता-कहानी सुनाने का कार्यक्रम रखा है न! इसी के लिए तो मैं गीत गाकर तैयारी कर रही थी!...और लो जी, यहां तो एक नया ही चक्कर चल पड़ा। मेरे दोस्तों को पता चलेगा तो हक्के-बक्के रह जाएंगे। बल्कि चंदा मामा, उन्हें तो यकीन ही नहीं आएगा कि आप यहां आ गए, मुझसे मिलने।'

'तो चलो, ठीक है। हम भी इंतजार कर लेते हैं तुम्हारे दोस्तों का..।' चंदा मामा ने कहा और गुड़िया के पास वहीं बैठ गए। गुड़िया को प्यारी सी कहानी सुनाने लगे- आसमान की कहानी, चांद-तारों और सूरज की कहानी।

थोड़ी ही देर में गुड़िया की सहेलियां और दोस्त भी आ गए। चंदा मामा को देखकर सब हैरान! गुड़िया ने जब चंदा मामा के बारे में बताया, तो सब उनसे हंस-हंसकर बात करने लगे। आसमान के देश के बारे में बहुत सी बातें पूछने लगे।

चंदा मामा ने कहा, 'चलो, तुम्हें दिखला ही देता हूं अपना देश। और तुम्हें जो कविता-कहानियां सुनानी हैं, उन्हें रास्ते में सुनाते चलना।'

'वाह! वाह! तब तो खूब मजा आएगा।' गुड़िया ने कहा।

'लेकिन चंदा मामा, हम जाएंगे कैसे? आपका देश तो बहुत दूर है न!' नटखट मिंकी ने पूछा।

'हां, पर मुश्किल क्या है। हम तो किरणों के उड़न-खटोले पर जाएंगे न।' चंदा मामा बोले।

'किरणों का उड़न-खटोला!' गुड़िया और उसकी सहेलियों के मुंह अचरज से खुले रह गए, 'सच..!'

'हां!' चंदा मामा ने कहा और उनके इशारा करते ही चांदी की किरणों का चम-चम करता उड़न-खटोला आसमान से जमीन पर आ गया।

सब बच्चे धम-धम-धम करते उसमें बैठे और उड़न-खटोला चल पड़ा। रास्ते में बच्चों ने एक से एक बढ़िया कविताएं-कहानियां सुनानी शुरू कर दीं। कुछ बच्चों ने मजेदार चुटकुले भी सुनाए। हंसते-हंसते चंदा मामा लोट-पोट हो गए।

फिर उड़न-खटोला पहुंचा चांद के देश में। वहां का तो खैर कहना ही क्या था। जिस चीज को देखो, वही चांदी की तरह चम-चम, चम-चम करती हुई। चांदी के कुर्सी-मेज। चांदी का पलंग। चांदी का फर्श। चांदी के फूल, गमले और पर्दे भी।

चंदा मामा ने बच्चों को तारों से मिलवाया, आसमान के राजा सूरज से भी उनकी मुलाकात करवाई, जो बच्चों के सामने सारी तपन छोड़कर ठंडे-शीतल थे। बच्चों ने आसमान में खूब सैर-सपाटा किया। फिर चांद का उड़न-खटोला धरती की ओर चल पड़ा।

बच्चों ने घर आकर अपने-अपने मम्मी-पापा को इस बारे में बताया, तो सब हैरान रह गए। गुड़िया ने हिंदी की मैडम को बताया तो उन्होंने कहा, 'गुड़िया, इस पर एक कहानी लिखो, 'गुड़िया चली चांद के देश।' उसे हम स्कूल की पत्रिका में छापेंगे। साथ ही किसी बढ़िया आर्टिस्ट से उसका चित्र भी बनवाएंगे।'

गुड़िया ने यह कहानी लिखी तो बच्चों ने खुशी से झूम-झूमकर पढ़ी। अब सब बच्चे यही कहते हैं, गुड़िया अबकी चंदा मामा आएं तो हमसे भी मिलवाना। खुद गुड़िया को इंतजार है- देखें, अब कब आते हैं उसके चंदा मामा? आखिर उन्हें भी तो जरूर नन्ही-मुन्नी सी प्यारी गुड़िया की याद आती होगी ना! *

नन्ही कहानी

# हार की चोरी

**राजा का पुश्तैनी हार चोरी हो गया। राजा ने अपने मंत्री से सलाह की। मंत्री ने कुछ ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी ही आसानी से हार-चोर पकड़ा गया। मंत्री की क्या थी तरकीब?**



एक राजा के महल से उसका पुश्तैनी हार चोरी हो गया। हार जिस जगह से चोरी हुआ था, वहां तक किसी बाहरी आदमी का पहुंच पाना असंभव था। इससे स्पष्ट था कि हार महल के अंदर रहने वालों में से ही किसी ने चुराया है। हार-चोर का पता लगाने के लिए राजा ने अपने मंत्री से सलाह की।

अगले दिन मंत्री एक पुतला लेकर आया। उसने आते ही घोषणा की, 'यह एक मंत्र सिद्ध पुतला है। महल के हर व्यक्ति को इस पुतले के मुंह में अंगुली डालनी है। जिसने हार चुराया है, पुतला उसकी अंगुली पकड़ लेगा।'

मंत्री ने वह पुतला महल के एक कक्ष में रखवा दिया, स्वयं दरवाजे के पास प्रसाद के लड्डू लेकर खड़ा हो गया। सब लोग कक्ष में जाते, पुतले के मुंह में अंगुली डालकर वापस आ जाते। मंत्री सबको हाथ में प्रसाद देकर विदा कर रहा था। इसी क्रम में जब एक दासी कमरे से निकली और जैसे ही उसने प्रसाद लेने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया, मंत्री ने उसका हाथ पकड़ लिया और राजा से कहा, 'इसी ने हार चुराया है।'

दासी ने पहले तो ना-नुकुर किया, लेकिन जब राजा ने सख्ती दिखाई तो उसने मान लिया कि हार की चोरी उसी ने की है।

राजा ने मंत्री से पूछा, 'मंत्री जी, आपने कैसे पता लगाया कि हार की चोरी इसी दासी ने की है?'

मंत्री ने बताया, 'महाराज, मैंने पुतले के मुंह में रंग लगा दिया था, जो भी उसके मुंह में अंगुली डाल रहा था, उसकी अंगुली में रंग लग रहा था। लेकिन दासी की अंगुली में कोई रंग नहीं लगा था, क्योंकि उसने पुतले के मुंह में अंगुली डाली ही नहीं। उसे डर था, पुतला उसकी अंगुली पकड़ लेगा, क्योंकि हार की चोरी उसी ने की थी।'

**सार:** चोर का मन बहुत कमजोर होता है। *

**प्रस्तुति: एफएमएन**

कविता / डॉ. मीरा सिंह 'मीरा'

## चिड़िया सच बतलाना



चिड़िया, चिड़िया, सच बतलाना,
नीड़ बनाना कैसे जाना?
चुग-चुग दाने चुनकर लाती,
क्या ना थकती, सच बतलाना?
क्या तू भी कुछ नियम तोड़ती,
क्या भरती कोई जुर्माना?
पंख सुनहरे इतने प्यारे,
कहां से पाया, यह बतलाना?
क्या जाती तू नित विद्यालय,
कौन सिखाता तुझको गाना?
जब ऊंचे नभ में उड़ती है,
कैसा लगता, सच बतलाना?

कविता / शिवचरण चौहान

## फागुन के फुर्तीले दिन

फागुन के फुर्तीले दिन,
प्यारे रंग-रंगीले दिन।
सरसों के खेतों में फूले,
खुशबू भीने पीले दिन।
धूप शरद-सी घटा रहे,
सबको खूब सजीले दिन।
कोयल-कोयल में लटके,
मोती से चमकीले दिन।
नाच रहे सब मस्ती में,
छम-छम छैल-छबीले दिन।



## हंसगुल्ले



**चिंटू:** मुझे आंख बंद करने के बाद भी दिखाई देता है।
**मिंटू:** अच्छा, क्या दिखाई देता है?
**चिंटू:** अंधेरा।
-साकेत, बिलासपुर

**नन्ही रिया (अपनी दीदी से):** दीदी, मुझे लिखना आ गया है।
**दीदी:** अच्छा! कुछ लिखकर दिखाओ तो।
रिया ने नोटबुक पर कुछ टेढ़ी-मेढ़ी लाइंस खींच दी।
**दीदी:** अरे! ये क्या लिखा है तुमने?
**रिया:** दीदी, अभी मैंने सिर्फ लिखना सीखा है, पढ़ना नहीं सीखा।
-प्रज्ञा, रायपुर

**सोनू:** तुम हमेशा अपनी जेब में नींबू लेकर क्यों चलते हो?
**मोनू:** ताकि अगर रास्ते में कोई दुश्मन मिल गया तो उसके दांत खट्टे कर सकूं।
-श्रेया, दुर्ग

## जीके क्विज-193



1. हाल में ही पड़ोसी देश बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
2. विक्टोरिया मेमोरियल किस राज्य में स्थित है?
3. चार सौ ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पहले टेनिस खिलाड़ी कौन बने हैं?
4. भारत में किसी राज्य की पहली महिला राज्यपाल कौन बनी थीं?
5. भारत में पहली रेलगाड़ी किस वर्ष चली थी?
6. हाल में भारत की यात्रा पर आए इमैनुअल मैक्रॉ किस देश के राष्ट्रपति हैं?
7. 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
8. सल्फ्यूरिक अम्ल का रासायनिक सूत्र क्या होता है?
9. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
10. किस पुरस्कार को 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' कहा जाता है?

**बच्चो, जीके क्विज-193 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-192 का उत्तर:** 1.इंग्लैंड, 2.जे.के. रोलिंग, 3.अश्विनी वैष्णव, 4.स्वामी विवेकानंद, 5.स्टेपीज, 6.आइजैक न्यूटन, 7.सैम मानेकशॉ, 8.मंगल, 9.सोडियम क्लोराइड, 10.हेनरी कैवेंडिस

**जीके क्विज-192 का सही उत्तर देने वाले:** अमित-सक्ती, श्रेया-दामोह, कबीर-हिसार, अनहद-बिलासपुर, अजय-फतेहाबाद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-झज्जर, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-बैकुंठपुर, सुयश-रायपुर, अर्णव-बिलासपुर, कुसुम-भिलाई, तमन्ना-कोरबा, मनीष-रोहतक, विकास-महासमुंद

**नयन दिल्ली के एक होटल में रुकने आया तो उसे अपने रूम में लॉक की जगह एक कार्ड मिला, जिसको लगाने से रूम का डोर लॉक होता, ओपन होता। नयन ने पापा से जब इसके बारे में पूछा तो उन्होंने इसकी पूरी तकनीक उसे समझायी। बच्चो, तुम भी जानो।**

# नयन की होटल यात्रा

नॉलेज स्टोरी
आलोक कुमार दुबे



नयन अपनी फैमिली के साथ एक शादी में शरीक होने के लिए दिल्ली आया। स्टे के लिए वह एक होटल में गया। साथ में उसके चाचा की भी फैमिली थी। रिसेप्शन पर रजिस्टर में डिटेल भरने के बाद सभी को कमरों का नंबर बताकर उन्हें वहां पहुंचाने को कहा गया। होटल का जो कर्मचारी कमरे तक सामान लेकर आया था, उसने एक प्लास्टिक के कार्ड को कमरे के डोर पर टच किया और फिर हाथ से हैंडल को घुमाकर दरवाजा खोल दिया, फिर उस कार्ड को अंदर दरवाजे के पास एक कार्ड पॉकेट में डाल दिया। तुरंत ही कमरे की बत्तियां जल गईं। उसने बताया कि जब आप बाहर जाएं तो कार्ड निकाल कर साथ में जरूर ले जाएं, नहीं तो डोर अंदर से बंद हो जाएगा, आपको परेशानी होगी। नयन यह सब बहुत ध्यान से देख-सुन रहा था।

मम्मी-पापा जब कमरे में सामान रख रहे थे, नयन ने कमरे का दरवाजा खोला और यह जांचा कि दरवाजा अंदर से खुल रहा है या नहीं? वह बाहर निकल आया और दरवाजा बंद होने पर उसे बाहर से हैंडल घुमाकर खोलने लगा, लेकिन वह नहीं खुल रहा था। दरवाजे के बाहर लगी घंटी के स्विच तक उसका हाथ नहीं पहुंच रहा था। तब-तक बगल के कमरे से निकले चाचा की नजर उस पर पड़ी, उन्होंने पूछा, 'अरे! तुम बाहर क्या कर रहे हो?' चाचा ने घंटी बजाकर दरवाजा खुलवाया और उसे समझाया, 'अपने कमरे का नंबर याद कर लो और बिना बताए बाहर न निकलना। होटल के बाहर तो बिल्कुल भी नहीं। नहीं तो शादी में आने का सारा मजा किरकिरा हो जाएगा।'

कुछ देर बाद सभी लोग नहा-धो कर जब तैयार हो गए तो एक बड़े से कमरे में सभी लोगों को नाश्ते के लिए जाना था। पापा ने कमरे से बाहर निकलने के पहले कार्ड निकाल कर जेब में डाल लिया और दरवाजा बंद कर दिया। वापस आने पर



कार्ड को दरवाजे के हैंडल के पास टच किया और हैंडल घुमा कर दरवाजा खोल लिया। जब नयन से रहा नहीं गया तो उसने पूछा, 'पापा, अपने घर पर तो हम लोग चाबी से दरवाजा खोलते और बंद करते हैं, इस होटल में चाबी की जगह इस कार्ड से दरवाजा खुलता है। यह कैसे होता है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है?'

'अरे भाई, इस होटल के दरवाजे पर आर.एफ.आई.डी. तकनीक का ताला लगा हुआ है। जब इस कार्ड को हम पास में लाते हैं तो ताले का रीडर उसे रीड कर लेता है या पहचान लेता है और हैंडल घूमने लगता है, दरवाजा खुल जाता है।' पापा ने नयन को बताया।

'तो क्या अपने कमरे के कार्ड से चाचू के कमरे को खोला जाए तो वह नहीं खुलेगा? ' नयन ने दूसरा प्रश्न किया।

'नहीं, हर कार्ड पर कमरे की संख्या अंकित है। उस कमरे के ताले की रेडियो तरंग (फ्रीक्वेंसी) कार्ड से मिलान होना जरूरी है।' पापा ने जानकारी दी। 'अच्छा अगर अपना कार्ड कहीं खो जाए या हम लोग इसे लेकर घर चले जाएं तो होटल वाले क्या करेंगे?' नयन ने अगला सवाल किया।

'हां भाई, होटल वालों को अकसर ऐसे ग्राहकों से पाला पड़ता रहता है। दूसरी चाबी बनाने का खर्च और मेहनत ज्यादा पड़ती है, जबकि एक कार्ड की कीमत बहुत कम होती है। तुमको बता दूं कि यह कार्ड सिर्फ उस समय तक काम करेगा, जब तक का पैसा होटल वालों के पास जमा है, उसके बाद इस कार्ड से भी दरवाजा नहीं खुलेगा और रिसेप्शन काउंटर पर जाकर इसे फिर रिचार्ज कराना पड़ेगा।' 'लेकिन पापा जब हम लोग नाश्ता करने जा रहे थे तो होटल के वर्कर के पास एक ही कार्ड था। वह उस कार्ड से कई कमरे खोल कर उनमें पानी की बोतल आदि सामान रख रहा था, वह कैसे?' नयन ने पूछा। 'यही तो इस तरह के ताले की विशेषता है। होटल के कर्मचारी को साफ-सफाई या अन्य कार्य के लिए हर कमरे की अलग-अलग चाबी नहीं रखनी पड़ती। बस एक मास्टर कार्ड से ही सब कमरे खुल सकते हैं।' पापा ने बताया।

'पापा, मुझे इसीलिए तो आप के साथ घूमने में मजा आता है, क्योंकि नई-नई बातें जानने को मिलती हैं।' यह कहकर नयन ने हंसते हुए ताली बजाई और कमरे से बाहर निकल गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देश के गर्व भारत रत्न

बच्चो, तुम यह तो जानते ही होगे कि अपने देश भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान का नाम भारत रत्न है। आजादी के बाद वर्ष 1954 से अब तक 53 विभूतियों को यह सम्मान प्रदान किया जा चुका है। भारत रत्न देने की शुरुआत कैसे हुई? इसमें क्या प्रदान किया जाता है? और इसे प्राप्त करने वाली विभूतियों के बारे में विस्तार से पुस्तक 'देश के अनमोल रत्नः भारत रत्न' में बताया गया है। इसे प्रसिद्ध बाल साहित्यकार समीर गांगुली ने लिखा है। यहां तुम देश के पहले उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन, भौतिक वैज्ञानिक डॉक्टर सी.वी. रमन, पूर्व राष्ट्रपति और वैज्ञानिक ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, गायिका लता मंगेशकर, शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खां जैसी अनेक हस्तियों समेत विदेशी मूल की भी दो महान विभूतियों मदर टेरेसा और नेल्सन मंडेला के बारे में भी जान सकते हो। इस किताब को पढ़कर तुम जान सकोगे कि जिन हस्तियों को यह सम्मान प्रदान किया गया उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में कितना अद्वितीय योगदान देकर भारत देश का नाम पूरे विश्व में विख्यात किया। निश्चित ही इस किताब को पढ़कर तुम भी इनकी तरह अपने देश और समाज के लिए बड़े काम करने के लिए प्रेरित होगे। *




**किताब :** देश के अनमोल रत्न : भारत रत्न, **लेखक :** समीर गांगुली, **मूल्य :** 300 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## रंग भरो-196

**रंग भरो-196** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आशना, जांजगीर


दिशांत, महेंद्रगढ़


मीनाक्षी, सक्ती


रेयांश, बिलासपुर


सौम्य, कोरबा


वैश्निका, रायपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**
माही-महासमुंद, प्रियंका-रायपुर, संचिता-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, परी-हिसार, कविता-बालोद, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, प्रिया-करनाल, रचना-कोरबा

## रंग भरो 197



बच्चो, यहां अपना होम वर्क पूरा करते हुए चिंकी और मिंकी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते हुए जितेंद्र मेहता।

### जापानी भाषा और उसके विकास पर व्याख्यान

**सोनीपत।** गवर्नमेंट कॉलेज फॉर विमेन सेक्टर 12 के इतिहास विभाग ने एक्सपीरियंस जापान के संस्थापक और अध्यक्ष जितेंद्र मेहता द्वारा जापानी भाषा और उसके ऐतिहासिक विकास पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. नरेश कुमार ने अतिरिक्त भाषा सीखने के फायदों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ स्कूल चेयरमैन एवं पदाधिकारी साथ में प्राचार्या एवं स्टाफ।

### ब्राइट स्कॉलर स्कूल में क्लास प्रेजेंटेशन कार्यक्रम

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में कक्षा 2 का क्लास प्रेजेंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य उन मूल्यों की दिल से याद दिलाने वाला था जो हमारे बच्चों को ज़िम्मेदार और दयालु इंसान बनाते हैं। कार्यक्रम में स्कूल चेयरमैन सुरेंद्र पंवार, सुनीता पंवार, स्कूल निदेशिका समीक्षा पंवार, ललित पंवार, प्राचार्या डॉ. किरण दलाल, नरेश अरोड़ा, डॉ. छवि पंवार आदि उपस्थित रहे।

### खरखौदाः समाधान शिविर में छह फरियादी पहुंचे

**खरखौदा ।** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) डॉ निर्मल नागर की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर के दौरान 6 शिकायतें प्राप्त हुई। खरखौदा के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में गुरूवार को वार्ड नम्बर 16 में गलत तरीके से बिजली का खंबा लगाने बारे, गढ़ी सिसाना में बिजली का ट्रांसफार्मर बदलाने बारे, परिवार पहचान पत्र, अवैध कब्जे हटवाने बारे, महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत प्लाटों पर कब्जा दिलवाने बारे व अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

### महान योद्धा-रणनीतिकार थे छत्रपति शिवाजी : योगी


**गोहाना।** पुरानी सब्जी मंडी के समीप शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में गुरुवार को छत्रपति शिवाजी की 396वीं जयंती मनाई गई। पार्क सुधार सभा के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी को याद किया गया। मार्गदर्शन आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया। अध्यक्षता पार्क सुधार समिति के अध्यक्ष रमेश मेहता ने की।
मुख्य अतिथि ओबीसी रोडवेज कर्मचारी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष योगी ने कहा छत्रपति शिवाजी महाराज भारतीय इतिहास के एक महान योद्धा व रणनीतिकार होने के साथ-साथ धर्म व राष्ट्रीयता की जीवंत प्रतीक थे।

# अवैध पेयजल-सीवर कनेक्शनों को वैध करवाने में जोर लगा रहा निगम

- नगर निगम की ओर से 24 फरवरी तक कनेक्शन करवाने की दी गई है छूट, 1000 से ज्यादा आवेदन का आंकड़ा पार
- रोजाना शहर में दो जगह शिविर लगा लोगों के जमा किए जा रहे दस्तावेज, फिर नंबर अलॉट कर जमा की जाएगी फीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर में पेयजल-सीवर कनेक्शन वैध कराने को नगर निगम पूरा जोर लगा रहा है। नगर निगम के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में पेयजल व सीवर कनेक्शन को वैध कराने की प्रक्रिया के अंतर्गत वीरवार को मॉडल टाउन स्थित जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय व रेलवे लाइन पार क्षेत्र में ककरोई रोड पर एक टैंट हाउस के कार्यालय में शिविर लगाया गया। दोनों जगह शिविर के माध्यम से कुल 30 लोगों ने अपने दस्तावेज जमा करवाए। नगर निगम अधिकारियों की


सोनीपत। विशेष शिविर के दौरान लोगों के दस्तावेज लेता नगर निगम कर्मी। फोटो: हरिभूमि

मानें तो अब तक 1000 से ज्यादा लोगों ने अपने कनेक्शन वैध करवाने के लिए कर्मचारियों को अपने आवेदन जमा करवाए हैं। जिन लोगों के आवेदन जमा हो चुके है, जल्द ही उन्हें नगर निगम कार्यालय में फीस जमा करवाने के लिए बुलाया जाएगा। शिविर के माध्यम से लोग 1550 रुपये खर्च कर अपने कनेक्शनों को वैध की श्रेणी में शामिल कर सकते हैं। निगम ने पेयजल कनेक्शन वैध करवाने के लिए 1050 रुपये व सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए 500 रुपये शुल्क तय किया है। बता दें कि निगम के विभिन्न वार्डों में अवैध कनेक्शनों का आकड़ा वैध कनेक्शनों पर भारी है। अधिकारियों की मानें तो निगम क्षेत्र में वैध कनेक्शन की संख्या करीब 53000 है, जबकि अवैध कनेक्शनों का आकड़ा 70000 के पार है। इनमें अवैध कनेक्शनों की संख्या ज्यादा नगर निगम के पश्चिम क्षेत्र रेलवे लाइन पार में है। ऐसे में लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नगर निगम ने लोगों को अपने पेयजल व सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए सुनहरा अवसर दिया है।

# नशे के खिलाफ संगठन एकजुट राज्यपाल के नाम सौंपा मांगपत्र

## नशा मुक्त अभियान को लेकर रक्षक सेना और सामाजिक संगठनों का रोष प्रदर्शन

- एसडीएम से उठाई 1 सप्ताह में कार्रवाई की मांग, एसडीएम ने दिया तीन दिन में कार्रवाई का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रतिबंधित नशे के बढ़ते कारोबार के खिलाफ रक्षक सेना, सामाजिक संगठनों और समाजसेवियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और राज्यपाल हरियाणा के नाम ज्ञापन जिला उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने सोनीपत को नशामुक्त और अपराध मुक्त बनाने की मांग करते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की अपील की।
प्रदर्शन के दौरान रक्षक सेना की सोनीपत इकाई और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि जिले में चरस, स्मैक, गांजा, नशीली दवाएं और अन्य मादक पदार्थों की बिक्री खुलेआम हो रही है। उन्होंने कहा कि कुछ निश्चित क्षेत्रों में नशे का कारोबार सक्रिय


सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

रूप से संचालित है, जिसकी जानकारी पुलिस और संबंधित विभागों को होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही। इससे युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रहा है और हजारों परिवार प्रभावित हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के समक्ष कई मांगें रखीं। इनमें नशा निरोधक टीम की कार्यप्रणाली की जांच, लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों की आय की जांच, नशा प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता शिविर लगाने, गुप्त सूचना देने वालों को प्रोत्साहन देने, तथा सूचना लीक न होने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग शामिल रही। इसके अलावा राष्ट्रीय और राजकीय राजमार्गों के पास नियमों की अवहेलना कर संचालित शराब ठेकों और लिक्कर हब पर कार्रवाई करने, तथा स्कूलों, मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों के पास स्थित शराब ठेकों को नियमानुसार संचालित कराने के लिए राज्य स्तरीय समिति गठित करने की मांग भी उठाई गई। विरोध प्रदर्शन में विनीत मोहाना, रोहन, मनीत राठी, शिवानी महलाना, नरेश राठौर, सतपाल, राजेश भगत, प्रवीन भटगांव, कपिल अनेजा, उज्ज्वल तिहाड़ा, अरुण निनानीया, मेधावी शर्मा, प्रेम गौतम, सोहनपाल सहित सैकड़ों युवा शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने जिला उपायुक्त की अनुपस्थिति में एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए नशा मुक्त सोनीपत की दिशा में ठोस और त्वरित कार्रवाई की मांग की। एसडीएम को एक सप्ताह का समय देते हुए कार्रवाई की मांग की, जिस पर एसडीएम ने उच्च अधिकारियों से बात कर तीन दिन में कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

### कम उम्र में ही नशे के आदी हो रहे युवा

रक्षक सेना प्रमुख मनजीत तिहाड़ा ने कहा कि सोनीपत में प्रतिबंधित नशे की बिक्री से बच्चे और युवा कम उम्र में ही नशे के आदी हो रहे हैं, जिससे उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। रामराज सेवा समिति से जयवीर हुड्डा ने कहा कि नशे के कारोबार की कड़ी टूटते ही अपराध में तुरंत कमी आएगी। समाजसेवी राजकुमार राणा व समाजसेवी राज सिंह दलाल ने राष्ट्रीय और राजकीय हाईवे पर नियमों की अनदेखी कर स्थापित शराब ठेकों पर कार्रवाई की मांग की और चौक-चौराहों पर खुलेआम शराब सेवन से ट्रैफिक व्यवस्था बाधित होने की बात कही। संजय बड़वासनिया ने नशे के कारण बढ़ते अपराध पर चिंता जताते हुए अधिकारियों और राजनेताओं की संलिप्तता की आशंका भी जताई।

### नशा छोड़ो, फिट इंडिया ग्राम उत्सव गुमड़ में कल

**गन्नौर।** भारतीय खेल प्राधिकरण व जिला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में नशा छोड़ो, फिटनेस जोड़ो अभियान के तहत 21 फरवरी को गांव गुमड़ के खेल स्टेडियम में फिट इंडिया ग्राम उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को नशे से दूर रखकर खेल व स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है। जिला पुलिस प्रवक्ता सहायक उप निरीक्षक रविंद्र ने बताया कि उत्सव सुबह सात बजे शुरू होगा। इसमें वालीबाल, सर्किट बाधा दौड़, 100 व 400 मीटर दौड़, महिला-पुरुष नींबू-चम्मच दौड़, तीन टांग दौड़, मटका दौड़, बेलन थ्रो और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। नशा मुक्त भारत विषय पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन में खिलाड़ी, विद्यार्थी, ग्रामीण और पुलिस अधिकारी भाग लेंगे।


गोहाना। भाजपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए सीपीएलओ। फोटो : हरिभूमि

# सीपीएलओ ने मुख्यमंत्री सैनी के नाम सौंपा ज्ञापन

- आगामी बजट में सीपीएलओ के लिए अलग से धन राशि जारी करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सीपीएलओ (हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ) संबंधित भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए गुरुवार को भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सीपीएलओ हरियाणा प्रदेश इकाई के महामंत्री अनुज और जिला सोनीपत इकाई के अध्यक्ष प्रवीन शर्मा ने कहा कि सीपीएलओ को अपनी सेवाएं देते हुए 22 महीने से अधिक का समय हो चुका है। सीपीएलओ ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे कि पं. दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, बीपीएल प्लाट आवंटन, परिवार पहचान पत्र वेरिफिकेशन और पंचायत डाटा सत्यापन को धरातल पर पूर्ण रूप से सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मीडिया प्रभारी विजय देवगन, जिला कोषाध्यक्ष कुलदीप और गोहाना खंड के अध्यक्ष विकास मलिक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने 3 फरवरी 2025 को बहादुरगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में सीपीएलओ की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था।

### प्रमुख मांगें

संघ के सदस्य दीपक और सागर मलिक ने बताया कि सरकारी आगामी बजट सत्र में सीपीएलओ के लिए अलग से धन राशि जारी करे ताकि उनको समय पर पर्याप्त वेतन मिल सके। सीपीएलओ की जिम्मेवारी पूर्ण रूप से पंचायत विभाग और शहरी स्थानीय निकाय को सौंपी जाए ताकि कार्य में प्रशासनिक नियंत्रण और स्पष्टता बनी रहे। सीपीएलओ को टेक्निकल पद के समान वेतनमान दिया जाए और मासिक वेतन प्रत्येक महीने की 7 तारीख तक प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए। मार्च 2024 से लेकर 31 मार्च 2025 तक सीपीएलओ के बकाया वेतनमान का भुगतदान किया जाए।


सोनीपत। ड्रा के दौरान किसानों के साथ अधिकारीगण। फोटो: हरिभूमि

# आठ किसानों को मिली सब्सिडी, ले पाएंगे ट्रैक्टर

- एडीसी की अध्यक्षता में ऑनलाइन ड्रॉ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्टेट प्लान स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के किसानों को खेती की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 8 अनुसूचित जाति किसानों का ट्रैक्टर का ऑनलाइन ड्रा निकाला गया। उप निदेशक पवन शर्मा ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा 2025 -26 के तहत अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर पर अनुदान प्रदान करने के उद्देश्य से एसबी - 89 योजना के अंतर्गत ड्रॉ निकाला गया। इस योजना का लाभ लेने के लिए 15 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिले में इस योजना के अंतर्गत कुल 147 आवेदन प्राप्त हुए थे और विभाग द्वारा जिले के लिए 8 ट्रैक्टर का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। आज इनका विभागीय पोर्टल पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन की अध्यक्षता में ऑनलाइन ड्रॉ किया गया जिसमें 8 किसानों का चयन किया गया और 8 किसानों की प्रतीक्षा सूची बनाई गई।

### गांव लल्हेड़ी खुर्द में आयोजित शिविर में 69 रोगियों की जांच की

- मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरी परामर्श दिया गया

**गन्नौर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव लल्हेड़ी खुर्द में वीरवार को ग्रामीणों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर एसएमओ डा. टीना आनंद के निर्देश पर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 69 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इनमें से 30 गेर संक्रमण रोग,17 उच्च रक्तचाप,12 मधुमेह, 1केंसर व 39 मरीज खांसी, जुकाम व बुखार से पीड़ित मरीज मिला। जांच के बाद सभी मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया और मौके पर ही निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. टीना आनंद ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में बीमारियों की समय पर पहचान कर उचित उपचार उपलब्ध कराना है। शिविर में डा. तन्नूश्री, डा. मोहित मलिक, स्वास्थ्य निरीक्षक रमेश धनखड़, स्वास्थ्य निरीक्षक जोगेंद्र, एएनएम सविता, आशा वर्कर मीना, आशा वर्कर सीमा व आशा सहायक सुमन ने अपनी सेवाएं दीं।

# महर्षि दयानन्द की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक : नरेन्द्र

- जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्थानीय काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वमावि में बृहस्पतिवार को महर्षि दयानन्द सरस्वती की 202वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाषण एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाशय रूपचन्द आर्य सदन, स्वामी दयानन्द सरस्वती सदन और सूरत सिंह आर्य सदन के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य नरेन्द्र सिंह ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करने से एक सभ्य समाज की संरचना की जा सकती है। उन्होंने वेद तथा मनुस्मृति जैसे ग्रंथों के आधार पर हमें मनुष्य बनने व गुण, कर्म और स्वभाव से उत्तम होने का संदेश दिया। प्राचार्य ने कहा कि विश्व के इतिहास में उस महापुरुष का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है जिन्होंने सत्यार्थ प्रकाश की रचना करके हम सभी को अपने कर्त्तव्य का बोध कराया।


सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

### ये रहे विजेता

भाषण प्रतियोगिता में महाशय रूपचन्द आर्य सदन की छात्रा सावित्री व वंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि सूरत सिंह आर्य सदन की छात्रा खुशी और वंशिका द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्वामी दयानंद सरस्वती सदन के छात्र अरविन्द, घनश्याम, कीर्ति, मुस्कान, सिमरन व अंचला ने पहला स्थान, महाशय रूपचन्द आर्य सदन के वैभव, सावित्री, वंशिका, दृष्टि, आरजू तथा साक्षी ने दूसरा स्थान और सूरत सिंह आर्य सदन के छात्र आयुष, खुशी, विक्की, वंशिका, खुशी व निधि ने तीसरा स्थान पाया। विजेता छात्रों को प्राचार्य नरेन्द्र सिंह, शिक्षिका चांदकौर, बबीता ने पुरस्कृत किया।

### वैदिक यज्ञ समिति 23 फरवरी से मनाएगी 47वां बृहद यज्ञ उत्सव

**सोनीपत।** वैदिक यज्ञ समिति की ओर से सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक केंद्र में 23 फरवरी से 1 मार्च तक 47वां बृहद यज्ञ (अथर्ववेद) उत्सव का आयोजन किया जाएगा। युधिष्ठिर गुगलानी, रामगोपाल भुटानी, अशोक आर्य व संदीप ग्रोवर ने बताया कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मेरठ से यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य वेदपाल मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में आहुति डलवाएंगे। राजस्थान के अजमेर से वैदिक प्रवक्ता आचार्य अंकित प्रभाकर अपने प्रवचनों ने श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगे, जबकि फरीदाबाद से भजनोपदेशक आचार्य प्रदीप अपने भजनों को माहौल को भक्तिमय बनाएंगे। कार्यक्रम में रोहतक के रुड़की स्थित विश्ववारा कन्या गुरुकुल से वेदपाठी छात्राएं शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि 23 से 28 फरवरी तक रोजाना सुबह 6 से 7:30 बजे तक यज्ञ किया जाएगा। इसके बाद वेदोपदेश दिया जाएगा। शाम 2:30 से 4 बजे तक यज्ञ, इसके बाद आचार्य प्रवचनों से सभी का मार्गदर्शन करेंगे। 1 मार्च को सुबह 10 बजे यज्ञ में पूर्णाहुति के पश्चात भजन, वेदोपदेश का आयोजन कर भंडारा लगाया जाएगा।



सोनीपत। रावल अस्पताल के बाहर छात्राएं साथ में क्लब के पदाधिकारी एवं अन्य।

# छात्राओं ने अस्पतालों का किया शैक्षणिक भ्रमण

- छात्राओं ने रोटरी क्लब व अस्पताल प्रशासन का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट के बैनर तले राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुरथल अड्डा, सोनीपत की पेशेंट केयर असिस्टेंट की छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण स्थानीय अस्पतालों में आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने रावल अस्पताल तथा सिग्नस अस्पताल का दौरा किया। भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक कार्यप्रणाली, मरीजों की देखभाल, अस्पताल प्रबंधन तथा आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की जानकारी प्रदान करना था। अस्पताल प्रशासन द्वारा छात्राओं को विभिन्न विभागों जैसे ओपीडी, इमरजेंसी, लैब, वार्ड एवं नर्सिंग स्टेशन का अवलोकन करवाया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्टाफ नर्सों ने मरीजों की देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी तथा छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। पूरे कार्यक्रम के मीटिंग चेयरमैन अभिषेक रेखा गुप्ता थे। रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट के प्रधान पुनीत वंदना जग्गा ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से छात्राओं को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है, जिससे उनके भविष्य के करियर निर्माण में सहायता मिलेगी। विद्यालय स्टाफ एवं छात्राओं ने रोटरी क्लब तथा अस्पताल प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

**राजनीति** बड़ौली ने सरपंचों को पार्टी में पूरा मान और सम्मान दिलवाने का दिया भरोसा

# महम हलके के 19 सरपंचों ने प्रदेशाध्यक्ष के ऑफिस में पहुंचकर पहना भाजपा का पटका

भाजपा की नीति, नीयत और नेतृत्व पर बढ़ रहा है जनता का भरोसा : मोहन लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने गुरुवार को सोनीपत स्थित अपने निजी कार्यालय में महम हलके के 19 सरपंचों को भाजपा में शामिल कर उनका पार्टी में स्वागत किया। बड़ौली ने सभी सरपंचों को पार्टी का पटका पहनाया और भाजपा में पूरा मान और सम्मान मिलने का भरोसा दिया। बड़ौली इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक 'राष्ट्र ऋषि' एवं महान चिंतक परम पूज्य श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'गुरुजी' की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक कोटि-कोटि नमन भी किया। अर्जुन अवार्डी, पूर्व भारतीय कबड्डी कप्तान एवं महम विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी दीपक निवास हुड्डा की अगुवाई में गांव लाखन माजरा के सरपंच संदीप राठी, सरपंच शिवराज गांव भैणी चंद्रपाल, सरपंच जगबीर पहलवान गांव खरैंटी, सरपंच भंवर सिंह समर गांव गोपालपुर खुर्द, सरपंच यशबीर गांव भगवतीपुर, सरपंच सुमित गांव सिंहपुरा कलां, सरपंच रणधीर सिंह गांव भैणी मातो, सरपंच राजेंद्र समर गांव गोपालपुर कलां, सरपंच अन्नू गांव निड़ाना, सरपंच राजीव खरकड़ा, सरपंच श्रवण कुमार मोखरा रोज, जितेंद्र/ जॉनी सरपंच मोखरा खेड़ी, सरपंच विनोद गांव इंदरगढ़, सरपंच संजय गांव बहू जमालपुर, सरपंच प्रदीप गांव डोभ, सरपंच प्रतिनिधि रिकेंद्र गांव चाँदी, सरपंच लाला गांव सैमान/ सामन, सरपंच रवि गांव घड़ावठी, पूर्व सरपंच व पूर्व चेयरमैन सुनील गांव मदीना ने भाजपा में अपनी आस्था जताई।


सोनीपत। सरपंचों का स्वागत करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली।

### सरपंचों ने जताई आस्था

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में 'विकसित भारत, विकसित हरियाणा' के संकल्प को साकार करने की दिशा में सभी की सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। कहा कि हरियाणा में लगातार जनता का भाजपा की नीति, नीयत और नेतृत्व पर भरोसा बढ़ रहा है। जनता के आशीर्वाद से ही हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। भाजपा में शामिल सभी सरपंचों ने भारतीय जनता पार्टी में अपनी आस्था जताई।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर भवन एवं शिक्षा संस्थान की कार्यकारिणी की बैठक 22 को

**खरखौदा।** डॉ. भीम राव आंबेडकर भवन एवं शिक्षा संस्थान की आम सभा की बैठक 22 फरवरी को संस्थान के कार्यालय, रोहतक रोड, अम्बेडकर चौक, नजदीक रविदास आश्रम खरखौदा में आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता समिति प्रधान रामफल मेहरा करेंगे। इस आशय का फैसला पिछले महीने हुई एक बैठक में लिया गया था। यह जानकारी देते महासचिव रामकुमार ने सदस्यों से आग्रह किया है कि तय समय 11 पर पहुंच कर प्रस्तावित बैठक की कार्यवाही में सम्मिलित हों। आगामी आम सभा में पिछली 18 जनवरी को हुई बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की जाएगी। जिला रजिस्ट्रार ऑफ़ फर्म्स एवं सोसाइटीज सोनीपत के 16 जनवरी के निर्देश की अनुपालना करते आधार कार्ड समय पर न देने के कारण सदस्यों की रद्द की गई सदस्यता को पुनः सदस्य के रूप में प्रविष्टि कराने के लिए बाय - लॉज में संसोधन पर विचार विमर्श किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 6वीं से 12वीं कक्षाओं के विद्यार्थियों में बांटी स्टेशनरी

**गोहाना।** भैंसवाल कलां गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को समाजसेवी दीपक गहलावत ने अपने सहयोगी रमेश और कुलदीप मलिक के साथ मिलकर छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों में स्टेशनरी वितरित की। गहलावत ने विद्यार्थियों को परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं भी दी गईं। गहलावत ने कहा कि वे अपनी आय का एक हिस्सा शिक्षा के लिए समर्पित करते हैं और हर वर्ष विभिन्न स्कूलों में जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता करते हैं। प्राचार्य राजेंद्र सिंह मलिक ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया और समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया।

### गुमड़ गांव में मकान से नकदी व जेवर चोरी

**गन्नौर।** गांव गुमड़ में एक मकान से नकदी, कपड़े व जेवर चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाना गन्नौर में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार गुमड़ गांव की कविता ने बताया कि वह घर से बाहर गई हुई थी और तीन-चार दिन बाद लौटने पर कमरे का सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से करीब सात हजार रुपये नकद, कुछ कपड़े, चांदी की पायल व चुटकी तथा सोने के बाले गायब मिले। कविता ने बताया कि इससे पहले भी उनके घर में चोरी की घटना हो चुकी है, लेकिन उस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने शिकायत पर चोरी के केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुराने पेड़-पौधों में मिट्टी डालने के बजाय कंक्रीट से ढककर बनाए जा रहे चबूतरे

# आधुनिक सुख-सुविधाओं की चकाचौंध में पर्यावरण संरक्षण के विपरीत हो रहे कार्य

- ट्री मैन देवेंद्र सूरा व सामाजिक कार्यकर्ता शेन अरोड़ा ने निगम अधिकारियों को की शिकायत, तो चलाया अभियान
- कर्मचारियों ने मॉडल टाउन के ठाकुर द्वार चौक पर पेड़ों के पास से कंक्रीट हटाकर मिट्टी के बनाए गमले





सोनीपत। मॉडल टाउन के ठाकुर द्वार चौक पर पेड़ के चारों ओर कंक्रीट डालकर बनाया गया चबूतरा, लगाई गई ग्रिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आधुनिक सुख-सुविधाओं की चकाचौंध में शहर में कई जगह पर्यावरण संरक्षण के विपरीत कार्य हो रहे हैं। स्थानीय लोग अपनी सुविधा के लिए घरों के आसपास लगे पुराने पेड़-पौधों में मिट्टी डालने के बजाय उन्हें कंक्रीट से ढककर चबूतरे बना रहे हैं। पेड़ों की जड़ों तक पानी नहीं पहुंचने से क्षेत्र की शोभा बढ़ा रहे पुराने पेड़ अब सूखने के कगार पर है। ऐसा ही मामला शहर के पॉश इलाके मॉडल टाउन में ठाकुर द्वार चौक पर सामने आया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पर्यावरण प्रेमी ट्री मैन देवेंद्र सूरा व सामाजिक कार्यकर्ता शेन अरोड़ा ने नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़ व अन्य अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों से मामले में संज्ञान लेते हुए जल्द उचित कदम उठाने की मांग की। शिकायत मिलते ही नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़ ने मॉडल टाउन के ठाकुर द्वार चौक पर लगे पेड़ों के आसपास की गई कंक्रीट को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भविष्य में किसी भी पेड़-पौधों के आसपास कंक्रीट नहीं किए जाने की अनुपालना करने की हिदायत दी। संयुक्त आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम अधिकारियों की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ बचाने के लिए मुहिम का शुभारंभ किया गया। एसडीओ देवेंद्र खासा ने कर्मचारियों के साथ मॉडल टाउन पहुंचकर कंक्रीट को हटवाया। साथ ही पेड़ों के आसपास मिट्टी डलवाकर उनमें पानी व खाद डालने के लिए गमले बनाए गए।

### तापमान संतुलन के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी

ट्री मैन देवेंद्र सूरा ने बताया कि पेड़ के आसपास कंक्रीट होने पेड़ का जीवन खतरे में पड़ता जा रहा है। कंक्रीट होने से पेड़-पौधों का विकास नहीं हो पाता, वह समय से पहले सूख जाते हैं। उन्होंने बताया कि पेड़-पौधे व प्रकृति के बिना जीवन का आधार नहीं है। पर्यावरण संरक्षण से ही तापमान को संतुलित किया जा सकता है। पेड़ से सटे कंक्रीट हटाने से मिट्टी में अब पानी देकर पेड़ों की रक्षा हो सकेगी। नगर निगम अधिकारियों के इस प्रयास से लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। पेड़ों पर पक्षी अपना रैन बसेरा बना सकेंगे, साथ ही अन्य कई जीवों का आश्रय स्थल बन सकेगा। उन्होंने नगर निगम के प्रयास की सराहना करते हुए लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया।



सोनीपत। मॉडल टाउन के ठाकुर द्वार चौक पर पेड़ के चारों ओर लगाई गई कंक्रीट हटाते नगर निगम कर्मी।

# दीवान ने गिनाईं कांग्रेस की जनहितकारी योजनाएं

- नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड-1 में जन सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। सुंदर सांवरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान।

वार्ड नंबर-1 स्थित सुंदर सांवरी में एक जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) कमल दीवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और आगामी निगम चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति साझा करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। सुंदर सांवरी में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व युवा नेता सोनू वर्मा एवं सीमा वर्मा ने किया। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दीवान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आगामी नगर निगम चुनाव विकास और जनहित के मुद्दों पर लड़ेगी। उन्होंने भाजपा सरकार की विफलताओं पर प्रहार करते हुए कहा कि आज शहर की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। कमल दीवान ने कांग्रेस की नीतियों और पूर्ववर्ती जन कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वार्ड-1 की समस्याओं, विशेषकर सड़क, पानी और जल निकासी का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

### वार्ड वासियों ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को रखा

कार्यक्रम के दौरान वार्ड वासियों ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को रखा। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि लंबे समय से वार्ड के कई हिस्सों में विकास कार्य रुके हुए हैं। कमल दिवान ने सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि कांग्रेस का प्रतिनिधि चुने जाने पर इन सभी मुश्किलों को दूर किया जाएगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रशांत शर्मा, महासचिव राजेश बोरिया सेवली, सचिव अंकित मेहता, लीलू प्रधान ककरोई और अशोक शर्मा व अन्य मौजूद रहे।



### तय समय में शिकायतों का करें समाधान : जतिंद्र

**गोहाना।** गुरुवार को उपमंडलीय परिसर में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चार शिकायतें आईं। नायब तहसीलदार जतिंद्र गिल ने शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का निवारण करने के निर्देश दिए। शिविर में ग्राम पंचायत छिछड़ाना की तरफ से गांव में घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग की। गांव कथूरा सीएलएफ कोषाध्यक्ष पिंकी की कलस्टर राशि में गबन होने की शिकायत की। गांव कासंडी से सूबेदार रणधीर सिंह की दूसरे व्यक्ति द्वारा मारपीट व जान से मारने की शिकायत की। गांव कथूरा के बलराज द्वारा पंचायती भूमि से अवैध कब्जे हटाने की शिकायत की। नायब तहसीलदार ने कहा कि इन सभी शिकायतों का समाधान जल्द संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान करना है। उन्होंने कहा कि अधिकारी तय सीमा में लोगों की समस्याओं का निराकरण करें ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर एएसआर आत्मप्रकाश, एसडीओ कपिल, सचिव सुरेश कुमार, सुभाष चंद्र व एएफएसओ राजेश कुमार रहे।

### अवैध शराब तस्करी मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार, दो दिन के रिमांड पर लिया

**सोनीपत।** क्राईम यूनिट वेस्ट सोनीपत की पुलिस टीम ने अवैध शराब तस्करी की एक पूर्व की घटना में संलिप्त दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सतपाल निवासी गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश का रहने वाला है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया है। पुलिस के अनुसार 16 फरवरी 2026 को पिपली खेड़ा अड्डा जीटी रोड स्थित ताउ का हिमाचल ढाबा के पीछे पार्किंग में खड़े एक ट्रक से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि ट्रक की छत में गुप्त कैबिन बनाकर शराब छिपाई गई है और उसे बिहार सप्लाई किया जाना है। रेड के दौरान चालक मौसिन पुत्र मोबिन निवासी कैराना, शामली को काबू किया गया था। तलाशी में ट्रक की छत से 267 पेटियां अंग्रेजी शराब बरामद हुई थीं, जिनमें कुल 3204 बोतल पाई गईं। इस संबंध में थाना एचएसआईआईडीसी बड़ी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने पहले मौसिन को गिरफ्तार किया था और आगे की जांच में दूसरे आरोपित सतपाल की भूमिका सामने आई। पुलिस रिमाण्ड के दौरान आरोपित से अन्य नेटवर्क और सप्लाई चैन के संबंध में पूछताछ की जाएगी।

### समाधान शिविर में 23 शिकायतें हुई प्राप्त

**सोनीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो शिकायत कर्ता से समस्या का समाधान होने के पश्चात उसकी संतुष्टि के बारे में अवश्य पूछे। उन्होंने अधिकारियों को कहा सभी अधिकारियों प्राथमिकता के आधार पर समस्या का समाधान निश्चित समय में करना सुनिश्चित करें। शिकायतकर्ता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े, इसका विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। लघु सचिवालय में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर के दौरान 23 शिकायतें प्राप्त हुई। जिन पर संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को समस्या के समाधान के निर्देश दिए।

*भगत फूल सिंह महिला विवि में कार्यक्रम*


# नेट एवं जेआरएफ उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में यूजीसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) एवं जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं को कुलपति प्रो. सुदेश ने सम्मानित किया। यह कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसके समन्वयक प्रो. अशोक वर्मा रहे। विवि की 40 छात्राओं ने नेट एवं जेआरएफ उत्तीर्ण करके और पीएचडी में प्रवेश प्राप्त कर विवि का गौरव बढ़ाया है। राजनीति विज्ञान विषय में पूनम ने देशभर में टाप-10 में स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य विषय में रेशु ने अखिल भारतीय स्तर पर 54वीं रैंक व शिक्षा विषय में निकिता ने 58वीं रैंक प्राप्त की। कुलपति ने कहा कि नेट-जेआरएफ जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करना केवल छात्राओं की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि विवि की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध संस्कृति और उत्कृष्टता का सशक्त प्रमाण है। विवि का पाठ्यक्रम इस प्रकार विकसित किया जाना चाहिए जो छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सक्षम बनाए और वे आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धा का सामना कर सकें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिए अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर डीसीआरयूएसटी में हुआ प्रेरणादायी संबोधन

# गणित ब्रह्मांड की भाषा, यह समस्याओं का समाधान ढूंढना सिखाता : कुलपति

- श्रीनिवास रामानुजन के जीवन से लेने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मंच से संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह।

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणित केवल अंकों और समीकरणों का विषय नहीं, बल्कि यह ब्रह्मांड की भाषा है। यह हमें तर्क करना, विश्लेषण करना और जटिल समस्याओं का समाधान ढूंढना सिखाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जिज्ञासा, परिश्रम और समर्पण के साथ आगे बढ़ें, ताकि वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रभाव स्थापित कर सकें।

पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ के अमरेटिस प्रो. अशोक अग्रवाल ने मुख्यवक्ता के तौर पर संबोधित करते हुए कहा कि महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का वैश्विक प्रभाव आज भी गणित और आधुनिक विज्ञान की दिशा तय कर रहा है। गणित विभाग द्वारा इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोतरी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

### *पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में वैदिका प्रथम*

*पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में वैदिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ज्योति व कविंशी ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि योगिता शर्मा व प्रियांशु ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में दीक्षा व जिया की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन नीकिता व निशा ने किया। इस अवसर पर डीन, एफएसटीआई प्रो. संजय कुमार, प्रो. सुधीर बत्रा, प्रो. एसके गर्ग, प्रो. पीके भाटिया, प्रो. नवनीत हुड्डा, डा. सुमन पंवार व अन्य उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप




### बाल विवाह को रोकना सबका दायित्व : गिल

**गोहाना।** बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला प्रशासन सोनीपत एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत के संयुक्त सौजन्य से गुरुवार को उपमंडलीय परिसर से प्रचार वाहन को रवाना किया गया। वाहन को नायब तहसीलदार जतिंद्र गिल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भारत के निराश्रित और बेसहारा लोगों के लिए मिशन (एमडीडी ऑफ इंडिया) अभियान के अंतर्गत इस प्रचार वाहन के द्वारा बाल विवाह जैसी कुरीति को रोकना प्रमुख उद्देश्य है। प्रचार वाहन के द्वारा उपमंडल क्षेत्र में आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। वाहन को रवाना करते हुए नायब तहसीलदार जतिन्द्र गिल ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 (पीसीएमए) के अनुसार बाल विवाह एक संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध है। इसका उन्मूलन हम सबका सामाजिक दायित्व है। इस अवसर पर एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला संयोजक राजसिंह सांगवान, सीडीपीओ सुशीला देवी और एएसआर आत्मप्रकाश के साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



### बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के छात्र आरिव ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण और कांस्य पदक

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा सात के छात्र आरिव ने ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। आरिव ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने बताया कि आरिव ने 1 फरवरी को मंगल सेन मल्टीपरपज़ हॉल, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित ओपन कैश प्राइज मेमोरियल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लिया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए आरिव ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त आरिव ने 2 से 4 जनवरी तक एस.एम. हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोनीपत में आयोजित स्टेयर्स यूथ ताइक्वांडो गेम्स में कांस्य पदक जीता।




### गांव टेहा में जैन गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने निकाली रक्तदान चेतना रैली

**गन्नौर।** गांव टेहा में स्थित जैन गर्ल्स कॉलेज गन्नौर की एनएसएस शाखा द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष सेवा शिविर के चौथे दिन छात्राओं ने रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चेतना रैली निकाली। रैली को समाज सेवी अंकित मल्होत्रा, कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार, कॉलेज की एनएसएस अधिकारी रजनी देवी ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। समाज सेवी अंकित मल्होत्रा ने छात्राओं को समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा शक्ति यदि संकल्प ले ले तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। समाजसेवी अंकित मल्होत्रा ने भी सेवा और समर्पण की भावना को जीवन का मूल मंत्र बताया। स्वयंसेविकाओं ने 'रक्तदान महादान' और 'एक बूंद रक्त, अनेक जीवन सुरक्षित' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया ओर बताया कि शिविर शिविर के अंतिम दिन 22 फरवरी गांव टेहा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सेवा कार्य गोष्ठी में मुख्य वक्ता गुरु नानक कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अर्चना आर्य ने शिरकत की।



### स्टेट जूडो चैम्पियनशिप में जीता पदक फूल-मालाओं से स्कूल में किया स्वागत

**सोनीपत।** हाल ही में 4 फरवरी और 5 फरवरी को डीजीएचई इंटरकॉलेज हरियाणा स्टेट जूडो चैम्पियनशिप का आयोजन रोहतक में सम्पन्न हुआ है। जिसमें इण्डियन स्कूल जूडो एकैडमी सोनीपत की चार खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें शीतल ने 78 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, तमन्ना ने +78 में स्वर्ण पदक, संगीता ने 57 किलोग्राम में रजत पदक, और मेघना ने +78 किलोग्राम में कांस्य पदक जीतकर अपने जिले, जूडो एकैडमी, माता-पिता और कोच नाम रोशन किया है। जूडो कोच सतपाल गुलिया ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता को 4000 रूपए, रजत पदक विजेता को 3000 रूपए और कांस्य पदक विजेता को 2000 रूपए नकद पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। विद्यालय प्रांगण में विजेता खिलाड़ियों का प्राचार्य राजेन्द्र सिंह गाहल्याण ने फूल-माला व पदक पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्य राजेन्द्र सिंह गाहल्याण, जूडो कोच सतपाल गुलिया, जितेन्द्र डीपीई, सुरेन्द्र शास्त्री उपस्थित रहे।

### बड़वासनी और आसपास के गांवों में बंदरों का आतंक, प्रशासन से समाधान की मांग

**सोनीपत।** सोनीपत के बड़वासनी किलोहड़द और शहजादपुर गांव में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बड़वासनी गांव में अब तक 25 से अधिक ग्रामीणों को बंदरों ने काटकर घायल कर दिया है जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। इस समस्या के विरोध में जिला पार्षद संजय बड़वासनी ने बीडीपीओ अंकुर को लिखित ज्ञापन देकर जल्द कार्रवाई की मांग की है। संजय बड़वासनी ने बताया कि बंदरों के डर से ग्रामीणों ने घरों से निकलना बंद कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बंदर पकड़ने वाली टीम शहर से बंदरों को पकड़कर गांव की ओर छोड़ देती है जिससे परेशानी और बढ़ गई है। प्रशासन द्वारा अब तक केवल 55 बंदर पकड़े गए हैं जबकि खूंखार बंदर अभी भी खुले घूम रहे हैं। जिला पार्षद ने मांग की है कि सभी बंदरों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए और घायल ग्रामीणों को उचित मुआवजा दिया जाए।

